कार्यालय - प्राचार्य, शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय छुरिया

जिला - राजनांदगांव (छ.ग.)

Website - chhuriacollege.com Email chhuriacollege@gmail.com Phone&Fax – 07745 – 299273

Accredited by NAAC with Grade “B”

(IYOM) – 2023 मिलेट्स पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन

आज दिनांक 26.08.2023 को शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय छुरिया में संस्था सिरोमणी प्राचार्य डॉ. सुषमा चौरे (नेताम) के दिशा निर्देशन एवं एन.एस.एस. के तत्वाधान मे **''अंतर्राष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष –2023''** के अंतर्गत मिलेट्स पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय सभाकक्ष में रखा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के तैलचित्र पर पूजा अर्चना के द्वारा किया गया।

प्राचार्य डॉ. सुषमा चौरे नेताम (नेताम) ने अपने उद्बोधन में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष – 2023 के तहत मिलेट्स (कोदो, कुटकी, ज्वार–बाजरा आदि) के पोषक मानगुणों एवं खाद्य सुरक्षा का ध्यान में रखते हुए लोगों में जागरूकता लाना ताकि वह मिलेट्स को दैनिक आहार में शामिल करते हुए जिससे मिलेट्स के उत्पादन एवं विपणन को प्रोत्साहन मिले। मिलेट्स को प्रोटीन का पावरहाऊस कहा जाता है। प्राचीन समय में भारत ने मिलेट्स (मोटे अनाज) का खाद्य पदार्थ के रूप में बहुत अधिक उपयोग किया जाता था परन्तु वर्तमान समय में इसका उपयोग निरंतर कम होते जा रहा है।

उद्बोधन की अगली कड़ी में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक सुश्री प्रीतिबाला ठाकुर ने कहा कि मिलेट्स सुक्ष्म पोषक तत्वों, विटामिन व खनिज का भण्डार है यह सिर्फ संतुलित आहार ही नही पर्यावरण की सुरक्षा के लिए अहम है। मिलेट्स मोटे अनाज शारीरिक स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक है। यह ब्लड ग्लूकोज स्तर को संतुलित रखता है साथ ही कैंसर से प्रतिरक्षा प्रदान करता है।

इस कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के एन.एस.एस. प्रभारी श्री नरेन्द्र कुमार उमरिया ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ. एच.एस. भाटिया, सहायक प्राध्यापक श्री उष्यंत कुमार, सुश्री प्रीतिबाला ठाकुर, श्रीमती दीपिका ध्रुवे, श्री विनय चौरे, अतिथि व्याख्याता एवं एन.एस.एस. के सभी स्वयंसेवक व महाविद्यालय के समस्त छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

प्राचार्य